जागरण

# नकली केश ऑयल की फैक्ट्री पकड़ी, लाखों का माल बरामद

Publish Date:Wed, 10 Oct 2018 12:08 AM (IST)

सम्भल: हयातनगर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। क्षेत्र के गांव रायपुर में पेरासूट, हेयर एंड केयर, निहार शांति आंवला केश ऑयल बनाने वाली मुंबई की मैरीको लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों के साथ पुलिस ने छापा मारकर नकली केश ऑयल कंपनी का भंडाफोड़ किया। एक आरोपित को पुलिस ने पकड़ लिया। 20 लीटर ऑयल के साथ डेढ़ लाख रुपये का माल बरामद हुआ है। पैंकिग होने के बाद इनकी कीमत 20 लाख रुपये में बताई गई है।

मैरीको लिमिटेड मुंबई के मुख्य जांचकर्ता जीतू शर्मा को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के गांव रायपुर में नकली केश ऑयल बनाने की फैक्ट्री संचलित है। सूचना मिलने पर उन्होंने हयातनगर पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने कंपनी के जांचकर्ताओं के साथ गांव रायपुर में छापेमारी की। टीम को मौके से उक्त कंपनी के ट्रेड मार्का का नकली तेल बनता मिला। कंपनी के मुख्य जांचकर्ता जीतू शर्मा के मुताबिक 15 से 20 लाख का माल तैयार करने हेतु तैयार उनके ट्रेड मार्क के रेपर, बड़ी तादाद में तैयार केश ऑयल व खाली शीशी बरामद की गई। पुलिस ने मुख्य जांच कर्ता जीतू शर्मा की तहरीर पर विजयपाल पुत्र छत्रपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी बृजमोहन गिरी ने बताया कि इनके घर से 20 लीटर ऑयल के साथ ही खाली व भरी शीशी, स्टीकर, रेपर व कई उपकरण बरामद किए गए है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/sambhal-city-hair-oil-sambhal-city-18517821.html